सार-समाचार

एग्जीबिशन ब्रेनवेव 2025 आयोजित

चूरू (निसं)। अग्रसेन नगर स्थित अल्केमी स्कूल (यूरो किड्स) में रविवार को आर्ट्स एंड साइंस एग्जीबिशन ब्रेनवेव 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीईओ श्वेता कोचर थी। विशिष्ट अतिथि एसीईओ दुर्गा देवी ढाका थी। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था निदेशक डॉ. रविकांत शर्मा व प्राचार्य अनामिका शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में टीचिंग मेथाडोलॉजी लर्निंग एफ फन को विभिन्न मॉडल्स के द्वारा अभिभावकों को अवगत करवाया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न थीम पर मॉडल बनाए और साइंस में लीफी वंडर्स में प्लांट्स की संरचना को प्रदर्शित किया गया। इसी क्रम में सोशल साइंस में भारत सरकार के बारे में जानकारी दी गई। मैथ में शेप गैलेक्सी में सभी शेप्स के बारे में मॉडल बनाकर एक्सप्लेन किया गया और अंठोजी-हिंदी में व्याकरण के टॉपिक पर मॉडल बनाये। नर्सरी के बच्चों ने ट्रांसपोर्टेशन थीम पर कार, बस, एरोप्लेन बनाकर अद्भुत प्रदर्शन किया। एलकेजी और यूकेजी के विद्यार्थियों ने वॉवेल कॉन्सोनेंट, मात्राओं, एडिसन और सब्ट्रैक्शन को मॉडल्स के द्वारा शानदार तरीके से समझाया। कार्यक्रम को सम्बोधित करती हुई सीईओ श्वेता कोचर ने कहा कि वर्तमान समाज में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की शिक्षा की महती आवश्यकता है। उन्होंने प्रायोगिक माध्यम से शिक्षण पद्धित को एक सराहनीय पहल बताया। बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा की बच्चे हमारा भविष्य है और इस प्रकार के कार्यक्रमों से उनमें अभिव्यक्ति कौशल का विकास होता है। संस्था निदेशक डॉ. रविकांत शर्मा ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बडी संख्या में विद्यार्थी, स्टॉफ सदस्य व अभिभावक उपस्थित थे।

505 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया

पाटन (निसं)। युवा जन जागृति समिति व मेहता हॉस्पिटल के तत्वाधान में रविवार को कस्बे में स्थित मदन मोहन मैरिज गार्डन में सातवां रक्तदान शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें 505 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मेहता हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. दिलिप यादव ने बताया कि रक्तदान के लिए गांव गांव ढाणी ढाणी जाकर प्रचार प्रसार किया गया जिसके चलते काफी युवा टीम शिविर में पहुंच कर रक्तदान किया। 2 मार्च को सातवें रक्तदान शिविर में 505 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में एसएमएस अस्पताल जयपुर, जीवनदाता ब्लड बैंक जयपुर और बीडीएम जिला अस्पताल कोटपुतली की मेडिकल टीम द्वारा रक्त संठाहण किया गया है। डॉ यादव राजपुरा ठााम पंचायत के राजस्व ठााम मेहता नगर के रहने वाले हैं तथा विगत सात वर्षों से रक्तदान शिविर लगा रहे हैं।इस दौरान दो हजार से अधिक युनिट एकत्रित कर मरीजों की जान बचाई है। शिविर के दौरान निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें डॉक्टर अशोक यादव , डॉक्टर दिलीप यादव ,डॉ मीनगंधा , डॉक्टर सौभाग्यवती, डॉक्टर मनोज यादव ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर शहीद विरांगना कविता सामोता,पाटन सरपंच मनोज चौधरी, डाबला सरपंच सागर मल यादव, पूर्व सरपंच मनोज जिलोवा, धांधेला ठााम पंचायत से सरपंच प्रत्याशी दिलीप सैनी,महिपाल बोपिया, एडवोकेट नीर सिंह मीणा सहित पंचायत समिति के सभी पदाधिकारी गण और जनजागृति समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

सोलर पेनल का उद्घाटन

सादुलपुर (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चैनपुरा छोटा में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया, जिसमें 2,60,000 के जनसहयोग से सोलर पैनल तथा जनसहभागिता से 05 किलोवाट इन्वर्टर व लिथियम बैटरी का विधिवत उदघाटन किया गया। इसके अलावा मेधावी विद्यार्थियों को टेबलेट वितरण किया गया। शनिवार दोपहर तीन बजे दी जानकारी के अनुसार प्रधानाचार्य सुमित्रा चौधरी की अध्यक्षता तथा धर्मपाल कटारिया सरपंच प्रतिनिधि के मुख्य आतिथ्य में आयोजित उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि रामस्वरुप लाठर बीडीसी सदस्य, रामसिंह विश्नोई पूर्व सरपंच, मातुराम लाठर, ईश्वर साहू, अनिल साहू, राजेन्द्र साहू, लीलाराम, राजेन्द्र लाठर, कृष्ण लाठर, ओम राव, राजेन्द्र जॉगिड सहित गणमान्य ग्रामवासियों एवं समस्त स्टॉफ की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को टेबलेट वितरण किया गया एवं दक्षता आधारित आंकलन का परिणाम अभिभावक अध्यापक मीटिंग में साझा किया गया। इसी दौरान ग्राम चैनपुरा छोटा में धापा देवी के मरणोपरांत उनके देहदानी महावीर इन्सां का समस्त ग्रामवासियों व विद्यालय स्टॉफ द्वारा शॉल, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। प्रेरक स्टाफ सचिव एवं राजस्थान शिक्षक संघ के अध्यक्ष मानसिंह मेहरा अध्यापक के निर्देशन में सोलर पेनल लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शुभकरण ने किया।

सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया

रतनगढ़ (निसं)। स्थानीय नालंदा शिक्षण संस्थान का पुरस्कार वितरण समारोह दास बालाजी मंदिर के पीछे स्थित विद्यालय प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। सरिता पडिहार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार अरविंद रत्नधरा ने विद्यार्थियों से पढ़-लिखकर विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, महारानी लक्ष्मीबाई, डॉ. अब्दुल कलाम आदि महापुरुषों के पद चिह्नों पर चलकर भारत की उन्नति हेतु कार्य करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर आयोजन को भव्य बना दिया। विद्यालय में आठवीं बोर्ड सहित विभिन्न परीक्षाओं में अव्वल रहने वाले सभी विद्यार्थियों को मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र आदि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मी सोनी, पूजा प्रजापत, एकता, प्रतिभा सोनी, मनीषा पारीक, सुमैया खान,अंजू प्रजापत, परमेश्वर लाल सोनी, आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप स्वामी ''मनु'' ने किया। संस्थान की वरिष्ठ अध्यापिका लक्ष्मी देवी सोनी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

टेंपो चालकों के चालान काटे

रतनगढ़ (निसं)। रोडवेज बस स्टैंड परिसर में अवैध रूप से प्रवेश कर बस के समक्ष टैम्पो लगाने वाले चालकों के खिलाफ पुलिस द्वारा रविवार को कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए। ट्रेफिक प्रभारी अमरचंद, भंवरसिंह ने बताया कि बस स्टैंड परिसर में टैम्पो का प्रवेश दिन के समय वर्जित है। यदि ऐसे में कोई टैम्पो चालक सवारियों को लेने के लिए बस स्टैंड में प्रवेश करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, जिसके अंतर्गत रविवार को दो टैम्पो चालकों के चालान काटे गए तथा कई टैम्पो चालकों से समझाइश भी की गई। उन्होंने बताया कि दिव्यांग, बुर्जुग एवं अन्य विशेष परिस्थितियों में टैम्पो चालकों को बस स्टैंड परिसर के अंदर से सवारी बैठाने की अनुमति है, लेकिन कुछ टैम्पो चालक दिन के समय जैसे ही रोडवेज आती है, तो उसके इर्द-गिर्द टैम्पो लगाकर यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर देते हैं, जिससे स्टैंड पर आने वाली बस के चालकों एवं सवारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में टैम्पो चालकों का दिन के समय प्रवेश वर्जित है। वहीं दूसरी ओर टैम्पो चालकों ने बताया कि बस स्टैंड परिसर में निजी वाहनों एवं हाथ ठेलों का भी प्रवेश वर्जित किया जाए। उक्त लोगों द्वारा जगह-जगह निजी वाहन एवं हाथ ठेला कर यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं।

शिविर में 162 मरीजों को लाभ मिला

पाटन (निसं)।नीमकाथाना सर्व समाज एवं ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को आयोजित होने वाले नि:शुल्क सुपर स्पेशियलिटी जांच व परामर्श शिविर का 54वां आयोजन संकल्प परिसर, खेतडी मोड पर संपन्न हुआ। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जुगल शर्मा एवं मूत्र-पथरी-प्रोस्टेट रोग विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप शर्मा ने 162 मरीजों की जांच कर परामर्श दिया और उन्हें आवश्यक चिकित्सा लाभ प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. भवानी शंकर शर्मा ने बताया कि शिविर में राधेश्याम शर्मा, गौरीदत्त शर्मा, एडवोकेट गोपाल शर्मा, राजेंद्र पंच, पवन शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, मुकेश शर्मा, उमराव गुर्जर, सरोज शर्मा एवं ऊषा शर्मा सहित कई गणमान्य लोग सेवार्थ उपस्थित रहे। संस्था द्वारा यह शिविर प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को आयोजित किया जाता है, जिससे क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों का लाभ मिल सके।

गोदारा को डॉक्टरेट की उपाधि

रतनगढ़ (निसं)। शहर की प्रतिष्ठित संस्था केपीएस ठाुप आफ एजुकेशन के निदेशक ओमप्रकाश गोदारा को मिली डॉक्टरेट की उपाधि गोदारा ने डॉक्टर ममता पंवार के गाइडेंस में कॉमर्स एंड मैनेजमेंट में हासिल पीएचडी की उपाधि जिसका विषय था सोशल मीडिया मार्केटिंग और उपभोक्ता ब्रांड जागरूकता के बीच संबंधों की जांच करना। डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर राजनीतिक पारिवारिक सामाजिक एवं के बधाई देने वालों के लिए तांता लग गया।

नीमकाथाना को जिला बनाने की मांग, टायर जलाकर विरोध जताया

नीमकाथाना को जिला बनाने की मांग को लेकर डूंगा की नांगल ठाम पंचायत में क्रमिक भूख हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन जारी रहा।

पाटन (निसं)। नीमकाथाना को जिला बनाने की मांग को लेकर डूंगा की नांगल ठााम पंचायत में क्रमिक भूख हडताल एवं धरना प्रदर्शन जारी रहा। बडी संख्या में ग्रामीणों ने एकजुट होकर सरकार के खिलाफ विरोध जताया और टायर जलाकर नाराजगी प्रकट की। धरने में मालाराम गुर्जर, जगदीश, धन्शीराम तंवर, छाजूराम तंवर, ग्यारसीलाल गुर्जर, महावीर प्रसाद, कंवर सिंह तंवर, झंडूराम गुर्जर, सुरजी देवी, प्रेमलता, विकास महराणियां, संतरा देवी, बिमला देवी, खामोश देवी, गीता देवी, कमलेश देवी, मीना देवी सहित बडी संख्या में ठाामीण शामिल हुए और सरकार के निर्णय के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

कांता प्रसाद शर्मा ने कहा कि सरकार ने अन्याय पूर्ण तरीके से नीमकाथाना जिले को निरस्त कर दिया, जिससे आम जनता में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि नीमकाथाना जिले को सभी आवश्यक मापदंडों के अनुरूप जिला घोषित किया गया था, फिर भी इसे राजनीतिक दबाव के चलते निरस्त कर दिया गया। उन्होंने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह निर्णय सरकार की अदूरदर्शिता को दर्शाता है और जनता इस अन्याय का ब्याज समेत हिसाब लेगी। धरने को संबोधित करते हुए मालाराम गुर्जर ने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ प्रशासनिक फैसले के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह सरकार को यह संदेश देने का भी एक प्रयास है कि जनता की आवाज को अनसुना करना भारी पडेगा। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही नीमकाथाना को पुन: जिला घोषित नहीं किया, तो आंदोलन और उठा हो सकता है। धरने में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर की।

समर्थन देने वालों में कमलेश देवी, बिमला देवी, सुमन देवी, कमला देवी, सावित्री देवी, कृष्णा देवी, माया देवी, बाला देवी, पुष्पा देवी, संतरा कुमावत, रज्जों देवी, उर्मिला देवी आदि शामिल रहीं। नीमकाथाना जिला संघर्ष समिति के सदस्य मालाराम वर्मा, भूपेंद्र सिंह, राजेंद्र आर्य, राजपाल डोई, मीडिया प्रतिनिधि नरेश टेलर भी धरने में उपस्थित रहे और सरकार के इस फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार समय रहते निर्णय को वापस नहीं लेती, तो इस मुद्दे का असर प्रदेश की राजनीति पर भी पड सकता है। धरने में शामिल सभी ग्रामीणों ने सरकार से जल्द से जल्द नीमकाथाना जिले को बहाल करने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस मुद्दे की अनदेखी जारी रखी, तो विरोध प्रदर्शन और तेज किया जाएगा।

शिविर में 42 रोगी लाभान्वित

नवलगढ़, (निसं)। अलॉयंस क्लब नवलगढ द्वारा पूर्व प्रांतपाल समाजसेवी स्व. श्रीगोपाल झुंझुनूंवाला की स्मृति में श्रीमती भगवानी देवी बासुदेव झुंझुनूंवाला ट्रस्ट के सौजन्य से बालिकाओं व महिलाओं की खून की कमी एनीमिया का निशुल्क 23वां शिविर शक्ति दिवस के रूप में जांगिड अस्पताल मे आयोजित किया गया। शक्ति दिवस पर एनिमिया शिविर में 42 रोगियों की जांच कर 30 को नि:शुल्क एक माह की दवाई दी गई। अतिथियों द्वारा स्व. श्रीगोपाल झुंझुनूंवाला की फोटो पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतपाल रामावतार सबलानिया ने अपने उदबोधन में कहा कि महिलाओं व लडकियों को अपने हिमोग्लोबिन की जांच करवानी चाहिए। ज्यादातर महिलाओं में खून की कमी होती है। अलॉयंस क्लब नवलगढ़ द्वारा एनीमिया निशुल्क शिविर की आपने प्रशंसा की। डॉ. मिनाक्षी जांगिड ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को हर माह अपनी रक्त की जांच की।

भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

सीकर (निसं)। यहां बजाज रोड पर स्थित श्रीवाटिका में श्यामप्रभु का विशाल संकीर्तन हुआ। संकीर्तन में श्यामभक्त भजन गायक रामगोपाल गोपी ने बाबा के भावभरे भजन प्रस्तुत किये। आयोजकों की ओर से सुभाष अठावाल ने श्यामभक्त रामगोपाल गोपी का गजरा व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। गुरुजी राजकुमार खण्डेलवाल, सुरेन्द्र खण्डेलवाल, सुरेश पंडित, अनिल लावट आदि की मौजूदगी में बाबा की दिव्य ज्योत ली गई।

श्यामप्रभु के इस संकीर्तन में भारी संख्या में भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई व ज्योत लेकर मोरछडी का झाडा लगवाया। ''उलझनों की ये सुलझे लडी श्याम भजले घडी दो घडी'' ''थांन किस विध भुला सांवरा जी बाबा श्याम'' ''दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार'' जैसे भावभरे भजनों से श्यामभक्त रामगोपाल गोपी ने श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। सुरेन्द्र खण्डेलवाल ने एक से बढकर एक धमाल प्रस्तुत की। इस अवसर पर अन्नपूर्णा आश्रम के पीठाधीश्वर संत अमरदास महाराज ने भी श्यामभक्तों को आशीर्वाद दिया। लखदातार के शीश का आकर्षण श्रृंगार किया गया। अनेक श्रद्धालुओं ने श्यामभक्त गोपी के माध्यम से अपनी मनोकामनाओं को लेकर अर्जी बाबा के समक्ष रखवाई।

नटखट मंडल द्वारा 12वी निशान पदयात्रा के दौरान आज विशाल भजन संध्या का आयोजन राधाकिशनपुरा में स्थित रामगोपाल सदन मनोहर लाल सज्जन अग्रवाल के निवास पर किया गया।मंडल समिति सदस्य बाबूलाल अठावाल ने बताया रात्रि में दिव्य ज्योति व प्रभु श्री श्याम के अलौकिक श्रृंगार के साथ भजन संध्या का शुभारंभ हुआ।समिति सदस्य गोवर्धन अठावाल व संजय अठावाल ने बताया हर वर्ष फागुन माह में श्याम बाबा के वार्षिक लक्खी मेले के तहत मंडल की ओर से हर वर्ष यह आयोजन किया जाता है।यह 12 वां महोत्सव अनेक नवाचारों के साथ आयोजित किया गया।समिति सदस्य कमल पटवारी,सज्जन अठावाल ने बताया इस अलौकिक भजन संध्या में भजन गायक मेहुल शर्मा चूरू,शुक्लेश्वर महादेव मंडल से दीपक सोनी व प्रदीप शुक्ला व ताली कीर्तन टीम से योगेश शर्मा,मनोज पंजाबी द्वारा मनमोहक भजनों की फागुन की धमाल.... घुंघटियो आडे आग्यो रे.... सेठानी खाटू में चाली... लगा दे मोर छडी का झाडा.... प्रस्तुति से बाबा श्याम के दरबार में सभी भक्तजन झूम उठे।समिति सदस्य नवरंग अठावाल,संतोष पटवारी ने बताया परिवार की पटवारी महिला मंडल द्वारा बाबा श्याम का आलौकिक दरबार सजाया गया।

श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार श्यामपुरा बालाजी इवेंट से दीपांशु मित्तल द्वारा किया गया।नटखट श्याम मंडल समिति के सदस्य एल.बी. अठावाल, दीपांशु मत्तल,गौरी शंकर मित्तल, जितेंद्र खेतान,रामलखन गुप्ता, सुशील मित्तल,महेंद्र सैनी ने विशाल भजन संध्या में आमंत्रित भजन गायकों का सम्मान व स्वागत किया गया।

ओलों ने गेहूं, जौ, चना और सरसों की फसल बर्बाद की

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के किसानों से राम रूठ गया है। अब राज की तरफ ही किसान देख रहा है कि उन्हें सहायता मिले। जी, हां दो हफ्ते पहले नवलगढ़ क्षेत्र में, इसके बाद बीते दिनों पिलानी, चिड़ावा और सूरजगढ़ क्षेत्र में बदले मौसम के साथ हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसल 75 फीसदी तक बर्बाद हो गई है। इस बार जिले में दो लाख 37 हजार 9000 हैक्टर में रबी की फसल की बुआई हुई थी।

फसल की अच्छी थी और खेतों में पककर तैयार थी। मगर ओलावृष्टि की मार से अब किसानों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। दिन रात मेहनत कर खेतों में फसलों को तैयार करने वाले किसान मौसम की मार के सामने बेबस नजर आ रहे हैं। तेज हवाओं के साथ हुई बरसात और ओलावृष्टि के बाद जमीन पर गेहूं, सरसों, जौ और चने की फसल पसर गई है। ओलावृष्टि के बाद पिलानी इलाके के गांवों में बोई गई सरसों की फसल में अब फसल के नाम पर केवल डंठल के अवशेष बचे हैं। ओलावृष्टि से सरसों की फसल से फलियां टूटकर जमीन में बिखर गई हैं। तो वही खेतों में कटी फसल में भी नुकसान हुआ है। प्रकृति की इस मार के सामने किसान बेबस हैं।

किसानों का कहना हैं की ओलावृष्टि खेतों में फसलों में शत प्रतिशत तक नुकसान हुआ हैं। सरकार को जल्द गिरदावरी करवा कर किसानों के नुकसान का मुआवजा देना चाहिए। पिलानी इलाके के बनगोठडी गांव के किसानों ने बताया कि इलाके के किसानों ने बताया कि पानी की समस्या से जूझते हुए जैसे तैसे फसल लेकर अपना जीवनयापन कर रहे हैं। शुक्रवार को आए तेज अंधड व ओलों ने फसल खराब कर दी। क्षेत्र में गेहूं व सरसों की फसल में भारी नुकसान हुआ है।

किसानों को उम्मीद थी कि रबि की फसल उनके लिए फायदेमंद होगी। मगर इस मौसम की मार ने किसानों की सारी उम्मीदों को पानी फेर दिया। सरसों की फसल में पहले पाले की वजह से नुकसान हुआ। इसके बाद तेज हवाओं ने भी फसल को नुकसान पहुंचाया। उसके बाद रही सही कसर ओलावृष्टि ने पूरी कर दी। किसानों को उम्मीद थी कि गेहूं, जौ और चना की फसल से इस साल हुए नुकसान की भरपाई हो जाएगी। मगर प्रकृति ने भी किसानों से मुंह मोड दिया और शुक्रवार शाम को हुई हुई ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी पक्की फसलों में बारिश से नुकसान हुआ है तो वहीं खेतों में कटी फसल भी बरसात और ओलावृष्टि की वजह से खराब हुई है। किसानों का मानना है कि गेहूं की फसल में 50 से 80 फ़ीसदी तक नुकसान हुआ है। गेहूं की फसल में खराबी के बाद अब आने वाले समय में पशुओं के लिए भी चारे का संकट खड़ा होगा। पिलानी क्षेत्र के बेरी, बनगोठडी, छापडा, लीखवा, सरदारपुरा, दूदवा, दूदी, पीपली, सूजडोला, डुलानियां में सरसों की फसल में करीब 70 से 80 फीसदी नुकसान हुआ है।

अभिनेता गजानंद प्रजापत का निधन

चूरू, (निसं)। नया बास चूरू निवासी एवं चन्द्र फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले बनी राजस्थानी फीचर फिल्म आपां नै तो बेटी बचाणी है, के साथी कलाकार गजानंद प्रजापत का पिछले दिवस असामयिक निधन हो गया। वे 59 वर्ष के थे। वे अपने पीछे तीन पुत्र अभिमन्यु प्रजापत, जेकी प्रजापत और अनिरुद्ध प्रजापत सहित पौत्र और पौत्री को छोडकर गए हैं। गजानंद प्रजापत का असामयिक निधन होने से यहां शोक की लहर दौड गई। वे बालोतरा गए हुए थे और वहां बाइक पर किसी काम से जा रहे थे कि अचानक हृदय गति रुकने से गिर गए और उनका निधन हो गया। उनका शव चूरु लाया गया और पिछली शाम को यहां अंतिम संस्कार किया गया। उल्लेखनीय है कि उनकी पहली फिल्म आपां नै तो बेटी बचाणी है, ने चूरू, सुजानगढ़ और फतेहपुर के सिनेमाघरों में खूब धूम मचाई थी। चूरू महोत्सव 2025 के दौरान भी 24 फरवरी को पुलिस लाइन के कला मंच में फिल्म आपां नै तो बेटी बचाणी है, को प्रदर्शित किया गया था। गजानंद प्रजापत द्वारा रावता राम के रूप में किए गए अभिनय को खूब सराहना मिली थी।

106 छात्राओं को विवेकानंद कैलेंडर वितरित

■ **डॉ. जुल्फिकार एक लाख युवाओं को कैलेंडर बांटेंगे**

झुंझुनूं, (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय टमकोर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झुंझुनूं एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इस्माईल खान, अध्यक्षता धंधूरी गांव के पूर्व सरपंच हाफिज खान और विशिष्ट अतिथि भीमसर निवासी डॉ. जुल्फिकार थे।

वार्षिकोत्सव में विद्यालय की छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के कैलेंडर वितरित किए।

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय टमकोर के प्राचार्य मोहम्मद फारुख खान और उनके स्टाफ एवं ग्रामवासियों द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण और शॉल भेंट कर स्वागत किया गया। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के कैलेंडर निशुल्क वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ. जुल्फिकार ने छात्राओं को स्वामी विवेकानंद और खेतड़ी राजा अजीत सिंह के रिश्तों की जानकारी देते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद अपने जीवन काल में तीन बार खेतडी आए थे। उनका नाम, पोशाक, पगडी, शिकागो विश्वधर्म सम्मेलन सहित उनके जीवन की दर्जनों घटनाएं हैं। जो खेतडी से जुडी हुई है। खेतड़ी में देश का पांचवा और राजस्थान का पहला अजीत विवेक संग्रहालय बना है। जिसमें स्वामी विवेकानंद और राजा अजीत सिंह के 109 दिन की विशिष्ट घटनाओं को दर्शाया गया है।

इस अवसर पर विद्यालय के 106 छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के कैलेंडर वितरित किए। डॉ. जुल्फिकार ने बताया कि पिछले कई सालो से प्रदेशभर में स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं और उनके संदेश को व्यापक बनाने के लिए प्रदेशभर में स्वामी विवेकानंद की पुस्तकें व कैलेंडर निशुल्क वितरण करने का महाअभियान चला रखा है। इस महाअभियान के तहत प्रदेश की स्कूलों, कॉलेजों, शहरों व गावों-ढाणियों में जाकर स्वामी विवेकानंद कैलेंडर और उनके विचारों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। अब तक पिछले पांच सालों में इस अल्पसंख्यक युवा ने दिल्ली, अलवर, जयपुर, सीकर, चूरू, बीकानेर, हनुमानगढ़ सहित झुंझुनूं जिले के राजकीय-गैर राजकीय विद्यालयों, वेद विद्यालयों, मदरसों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को देने के साथ ही झुंझुनूं जिले के आस-पास के खेतड़ी, खेतड़ी नगर, कोलिहान नगर, राजोता, सिंघाना, जसरापुर, भीमसर, नूआं, सिरियासर, आबूसर, अणगासर, चुडैला, कोलिंडा, चैनपुरा, धंधूरी, क्यामसर, अलसीसर, मलसीसर, जाबासर, टमकोर सहित करीब 35 गांवों में अब तक 58 हजार 936 कैलेंडर नि:शुल्क वितरित कर चुके हैं और आगे भी एक लाख युवाओं तक स्वामीजी के संदेश को पंहुचाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने विद्यालय की छात्राओं को इस बात से भी अवगत करवाया कि मैंने खेतड़ी में पढ़ाई के दौरान और रामकृष्ण मिशन से जुडे होने की वजह से स्वामी विवेकानंद पर कुछ अलग करने की सोची। इसी को लक्ष्य बनाते हुए स्वामी विवेकानंद पर पीएचडी की है और देश-विदेश में 50 से अधिक रामकृष्ण मठ व मिशन संस्थाओं का भ्रमण कर विवेकानंद के बारे में जाना और अब तक स्वामी विवेकानंद पर पांच पुस्तकें सृजित हो चुकी हैं। जिनमें रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन, स्वामी विवेकानंद चिन्तन एवं रामकृष्ण मिशन खेतड़ी, राजस्थान में स्वामी विवेकानंद, बांग्लादेश (ढाका) का अध्ययन और स्वामी विवेकानंद की प्रेरक घटनाएं।

आज 5 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

चूरू (निसं)। 33 केवी सातडा लाईन विद्युतीकरण के लिए सोमवार को प्रात: 07 से दोपहर 12 बजे तक रतनगढ़ रोड से महिंद्रा एजेंसी तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

कार्यवाहक सहायक अभियंता (शहर द्वितीय) पूनम प्रजापत ने बताया कि पंखा सर्किल, हनुमान जी की ढाणी, गुर्जरों की ढाणी, आपणों नगर, राम रहीम कॉलोनी व इनसे सम्बन्धित क्षेत्र के उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

सार-समाचार

सांसद कस्वां ने ओलावृष्टि प्रभावित इलाकों का जायजा लिया

चूरू (निसं)। जिले में शुक्रवार को हुई भयंकर ओलावृष्टि से किसानों की रबी फसल पूर्णतया नष्ट हो गई है। सांसद राहुल कस्वां ने सादुलपुर के गांव-आच्छापुर, हमीरवास, दन्देऊ मोहनसिंह, नवां एवं भैंसली पहुंचकर नष्ट हुई फसलों का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ नायब तहसीलदार, कृषि अधिकारी व पटवारी साथ रहे। सांसद कस्वां ने मौके पर उपस्थित नायब तहसीलदार, पटवारी एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द गिरदावरी कार्य पूर्ण कर नुकसान की रिपोर्ट राज्य सरकार को भिजवाने के लिये कहा है; ताकि किसान भाईयों को इस आपदा से हुई हानि की भरपाई की जा सके। सांसद ने कहा कि पक्की पकाई फसल में इतना भारी नुकसान है कि फली से दाना निकलकर जमीन पर बिखर चुका है। सर्द रातों की अथक मेहनत से तैयार हुई फसल के चंद पलों में मिट्टी में मिलने से किसानों पर बहुत ज्यादा संकट आ गया है। किसान पहले से ही बदहाल स्थिति में हैं और अब मौसम की मार से उसके हालात ओर भी खराब हो गए हैं। उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि चूरू जिले में किसानों को हुए इस बड़े नुकसान की रिपोर्ट तत्काल मंगवाकर विशेष मुआवजा पैकेज जारी किया जाये। सांसद ने ओलावृष्टि से प्रभावित इलाकों के किसानों से भी आग्रह किया कि जब तक गिरदावरी की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो जाती, तब तक अपने खेत में यथास्थिति बनी रहने दें। साथ ही प्रभावित किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हर स्तर पर मजबूती के साथ आपकी आवाज़ को बुलंद कर इस नुकसान का मुआवजा दिलाने का हर मुमकिन प्रयास करेंगे। 10 मार्च से शुरू हो रहे संसद सत्र में ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने की आवाज प्रमुखता से उठायेंगे।

मधुमेह चिकित्सा शिविर का आयोजन

झुंझुनूं, (निसं)। लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में रविवार को स्वर्गीय एमजेफ लॉयन सलाउद्दीन चोपदार की पुण्य स्मृति में लॉयन महबूब दीवान चोपदार एवं उनके परिवार के आर्थिक सौजन्य से मधुमेह चिकित्सा शिविर पंसारी लॉयंस अस्पताल बगड रोड झुंझुनूं में सुबह नौ से 12 बजे तक आयोजित किया गया। शिविर में 62 रोगियों का पंजीकरण कर परामर्शकर्ता लॉयन डॉ. एनएस नरूका के परामर्श पर लिखी गई दवाइयां रोगियों को एक माह की निशुल्क प्रदान की गई। बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर के अंतर्गत 32 रोगियों का पंजीकरण कर लॉयन डॉ. एनएस नरूका के परामर्श पर लिखी गई दवाइयां क्लब मेडिसिन बैंक से रोगियों को सात दिवस की निशुल्क प्रदान की गई।इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, लॉयन शिवकुमार जांगिड, लॉयन विनीत शर्मा, लॉयन महिपाल सिंह, लॉयन रामप्रताप कुमावत, लॉयन डॉ. एनएस नरूका, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मधुमेह चिकित्सा शिविर के संयोजक लॉयन महिपाल सिंह एवं बहुउद्देशी चिकित्सा शिविर के संयोजक लॉयन विनीत शर्मा थी।

मैराथन आज

झुंझुनूं, (निसं)। युवाओं में बढ़ती नशे की लत की रोकथाम को लेकर व जागरूकता अभियान के तहत ब्राह्मण समाज, झुंझुनूं नागरिक मंच एवं राजस्थान एथेलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान व झुंझुनूं निवासी दोहा कतर प्रवासी विक्रम मिश्रा के सौजन्य से सुबह आठ बजे चूणा चौक स्थित रामलीला पार्क से जिला कलेक्टर रामावतार मीणा व एसपी शरद चौधरी के अतिथि में मैराथन को हरी झंडी दिखाकर शुरू किया जाएगा। जो शहीद स्मारक तक पहुंचेगी। कार्यक्रम संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया समापन पर मैराथन में प्रथम विजेता को 3100 रूपए, द्वितीय विजेता को 2100 रूपए, तृतीय विजेता को 1100 रूपए व पांच विजेता को 500-500 रूपए की प्रोत्साहन राशि से विशिष्ट अतिथि अतरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह, जिला खेल अधिकारी राजेश ओला सुभाष योगी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी धावकों को नशा मुक्ति के संदेश का स्लोगन लिखी हुई टी-शर्ट दी जाएगी।

महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण

खिरोड, (निसं)। लोहार्गल धाम में स्थित श्री देवनारायण मंदिर बगीची गुर्जर धर्मशाला में आगामी चार मई से 12 मई तक होने वाले अष्टोत्तर शत कुंडात्मक श्री देवनारायण महायज्ञ व श्री देवनारायण प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर शनिवार को ध्वजारोहण किया गया। दाऊ धाम काला कोटा के पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य महाराज व धनावता धाम के महंत सावताराम भगत जी महाराज के साहित्य में हुए ध्वजारोहण कार्यक्रम का शुभारंभ भूमि पूजन करके किया गया। आगामी चार मई से 12 मई तक होने वाले 108 कुंडात्मक श्री देवनारायण महायज्ञ के शुभारंभ से पूर्व तीन मई को जल यात्रा व शोभायात्रा निकाली जाएगी। यज्ञाचार्य चिरंजीवी महाराज के आचार्यत्व में होने वाले महायज्ञ के लिए भूमि पूजन करके ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर लोहार्गल सरपंच जगमोहन सिंह शेखावत, जग्गू राम खटाना, निवास कोली, बीरबल सिराधना, बंशीधर, नेकीराम सिराधना शहीद कई लोग मौजूद रहे।

65 हाईजेनिक बेबी किट वितरित

झुंझुनूं, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वात्सल्य अंतराष्ट्रीय स्तनपान जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वर्गीय निरंजनलाल केडिया परिवार के सौजन्य से भगवानदास खेतान अस्पताल परिसर झुंझुनूं की जनाना विंग में नवजात शिशुओं को आठ कपडों वाले 65 हाइजेनिक बेबी किट, संक्रमण की रोकथाम हेतु वितरण किए गए। कार्यक्रम में संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एमआईएफ श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी एमआईएफ महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन एमआईएफ नागरमल जांगिड, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड़, एमआईएफ प्रदीप कुमार शुक्ला, एमआईएफ ओमप्रकाश ककरानिया, रमेशचंद्र शर्मा, शिवप्रसाद महर्षि एवं काफी संख्या में अस्पताल स्टाफ वीर एवं वीराएं मौजूद रहे। ज्ञात रहे केडिया परिवार द्वारा हर माह की एक तारीख को बेबी किट वितरण किए जाते हैं।

प्रधान सुंडा ने औचक निरीक्षण किया

खिरोड, (निसं)। नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा ने पहाडिला ग्राम पंचायत में साफ सफाई व नरेगा कार्यों का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत में ग्रामवासियों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, स्वस्थ पानी व पौधारोपण की जानकारी दी और साथ में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का भी निरीक्षण कर विद्यालय परिसर में बन रहे भवन की गुणवत्ता का की जानकारी भी ली। प्रधान दिनेश सुंडा ने पिंक शौचालय का निरीक्षण किया व ई-मित्र को रेट लिस्ट लगाने के लिए निर्देश दिया।

SK FINANCE

एस.के.फाइनेंस लिमिटेड
(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालय: जी 1-2, न्यू मार्केट, खासा कोठी सर्किल, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039
ई-मेल: info@skfin.in

शाखा कार्यालय स्थानान्तरण करने हेतु सार्वजनिक सूचना

सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी **पिलानी शाखा** को नये पते पर स्थानान्तरित कर रहे हैं:-
पुराना पता- ग्राउण्ड फ्लोर, भगत सिंह सर्कल के पास, लोहारू-पिलानी रोड, पिलानी, तहसील-सूरजगढ़, जिला झुंझुनू-333031 (राजस्थान)
नया पता- ग्राउण्ड फ्लोर, पट्टा नं. 19, खसरा नं. 902, श्याम धर्म कांटा के पास, वार्ड नं. 22, लोहारू रोड, पिलानी, जिला झुंझुनू (राजस्थान)-333031
अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारे नये पते पर संपर्क करें।